तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 यादव समाज के प्रतिभावान लोगों का हुआ सम्मान





12 अब दुलहन में आत्मनिर्भर बनेगा धमतरी, लोहरसी से ...




## खबर संक्षेप

### भैंसमुंडी में कलशयात्रा के साथ आज प्रज्ञा पुराण कथा शुरू

**सिर्री।** ग्राम भैंसमुंडी के रामजानकी चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 से 10 अप्रैल तक 4 दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में 5 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ होगा। 7 अप्रैल को दोपहर 2 बजे कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। संध्या 5 बजे प्रवचन होगा। 9 अप्रैल की रात्रि 8 बजे आराध्या साहू की पंडवानी होगी।

### सामान्य सभा का सम्मिलन 8 को

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी की सामान्य सभा का सम्मिलन 8 अप्रैल को रखा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि दोपहर 12 बजे से आयोजित इस सम्मिलन में ग्राम, जनपद, जिला पंचायत के क्रियाकलाप, मनरेगा शाखा, वन विभाग, गौण खनिज आदि की समीक्षा की जाएगी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को


**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, अरूण कुमार गौर, गणेशराव पवार, बलवन्तराव पवार, झुमुकलाल साहू, सेवकराम नेले, लालाराम मगेन्द्र, चन्द्रभान चन्द्राकर, डॉ.भारती राव ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

### नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण 7 अप्रैल से

**धमतरी।** जिले के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़ौदा आरसेटी धमतरी द्वारा निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण 7 अप्रैल से दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कम्प्यूटराइज्ड अकाउंटिंग (टैली), जीएसटी, एमएस एक्सेल, एमएस वर्ड, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, ई-मेल संचालन, हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड तथा कम्प्यूटर की बेसिक प्रैक्टिकल जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण की अवधि कुल 38 दिवस है।

### सोनेवारा में हनुमान जन्मोत्सव 7 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा के बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव 7 अप्रैल को रखा गया है। सुबह 8 बजे कलशयात्रा, 9 बजे पूजा पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ पंडित रामदेव शर्मा भोथा द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे अमृत संदेश मानस मंडली सोनेवारा, 4 बजे जय भारत मानस मंडली दरगहन, रात्रि 7 बजे मंदाकिनी मानस परिवार नूनाछापर जिला कवर्धा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में खिलावन सिन्हा, संतोष सिन्हा, भुवनेश्वर निर्मलकर, हेमलाल यादव सचिव, गौतम पटेल सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।



# टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में सागौन की कटाई, बनाया जा रहा था फर्नीचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सागौन की कटाई और तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग यूनिट ने ओडिशा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से सागौन की कटाई करके फर्नीचर बनाया जा रहा था। सागौन की कटाई गरियाबंद और धमतरी जिले के जंगलों से की गई थी।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व एंटी पोचिंग यूनिट को गोपनीय सूचना मिली थी कि टाइगर रिजर्व के जंगल से सागौन लकड़ी की कटाई कर फर्नीचर बनाया जा रहा है। वरुण जैन उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद एवं वनमंडलाधिकारी नवरंगपुर ओडिशा सुभेन्दु प्रसाद बेहरा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य की संयुक्त टीम गठन कर ओडिशा के ग्राम फुटानाड़ा निवासी मनबोध पिता कपूरचंद माली और ग्राम बुड्रापारा मनमथ पिता लक्ष्मीधर चौधरी के घर एवं बाड़ी की तलाशी ली गई। मनबोध माली के घर एवं बाड़ी से सागौन के फर्नीचर, सागौन का स्लीपर, सागौन का फारा एवं अन्य बढ़ाईगिरी सामग्री जब्त की गई। छापामार कार्रवाई की सूचना मिलते ही आरोपी फरार हो गया था, जिसे 4 अप्रैल को ओडिशा के ग्राम हीरापुर (उमरकोट) पकड़कर छत्तीसगढ़ लाया गया। आरोपी के साथ वन विभाग की टीम ने मौका जांच की, जहां से सागौन की कटाई की गई थी।

सोमवार को विवेचना अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सोनवानी वनपाल द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 27,29,31,51,52 एवं छग व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) ग के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से 14 दिन के रिमांड पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### सूचना पर वन अमला ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



#### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य की संयुक्त टीम एवं गरियाबंद एवं नबरंगपुर (ओडिशा) पुलिस का विशेष योगदान रहा। एसडीओ गोपाल कश्यप, एसडीओ भोपाल सिंह राजपूत, रेंजर, सुशील सागर, रेंजर दिनेश चौधरी, रेंजर चन्द्रबली ध्रुव, ऋषि ध्रुव, ओमप्रकाश राव, राकेश मार्कण्डेय, मनोज ध्रुव, अनूप जांगडे, भूपेंद्र भेड़िया, वीरेंदर ध्रुव, चुरामन धृतलहरे, जानकी बाई का अहम योगदान रहा। नवनियुक्त महिला रेंजर ज्योति ध्रुव, महिला वनरक्षक पामेश्वरी नेताम, ललिता मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

### चार बुलडोजर ने रेलवे क्षेत्र को दोपहर तक किया सपाट, 100 से अधिक पुलिस बल की रही तैनाती

# रेलवे ने ढहाया अतिक्रमण, दिखा तबाही का मंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाईवे के किनारे बेशकीमती जमीन पर वर्षों से काबिज दर्जनों दुकान-मकानों को रेलवे ने ढहा दिया है। सोमवार सुबह से दोपहर तक चार बुलडोजर ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए रेलवे क्षेत्र को सपाट कर दिया। कब्जा ढहाने के बाद यहां तबाही का मंजर नजर आने लगा है। दुकान-मकानों के धराशायी होने के बाद अनेक मजदूर मलबे पर हथौड़ा चलाकर वहां दबे टिन टप्पर निकालने में जुटे रहे। कब्जा हटाने के दौरान राजस्व, नगर निगम, रेलवे, पुलिस की संयुक्त टीम तैनात रही।

पीड़ित लोग इस कार्रवाई को जबरिया बताते हुए प्रशासन तथा मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखते रहे। विधायक ओंकार साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन ने भी आपत्ति की। फिलहाल 20 परिवारों की व्यवस्था अस्थाई रूप से पुरानी मंडी में की गई है।

आजादी के बाद से काबिज लोगों तथा रेलवे के बीच इस जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। प्रकरण निचली अदालत से लेकर हाईकोर्ट में लंबित है। काबिज लोग इस जमीन को आबादी भूमि मानते हैं जबकि रेलवे इसे सेंट्रल गवर्नमेंट की जमीन बताता है। इस जमीन से अतिक्रमण हटाने का मुद्दा तब हावी हुआ जब 6 अक्टूबर 2018 को तत्कालीन रेलमंत्री पीयूष गोयल और तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने बड़ी रेललाइन प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इस बीच स्टेशनपारा, देवार बस्ती के सैकड़ों घरों को जमींदोज किया जा चुका है।

रेलवे ने 2 अप्रैल को नोटिस जारी कर 5 अप्रैल तक कब्जा खाली करने तथा 6 अप्रैल को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया था। सोमवार की सुबह रेलवे विभाग की विशेष टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने जिला प्रशासन के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए नेशनल हाईवे किनारे काबिज मकान-दुकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरु की। प्रशासन ने इसके लिए व्यापक तैयारी कर रखी थी।







#### विधायक-पूर्व महापौर ने की आपत्ति

धमतरी विधायक ओंकार साहू ने मौके पर पहुंचकर प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा कि वे जनता के सेवक हैं, जब भी आम नागरिक एवं व्यापारियों पर संकट आएगा तो उनके साथ खड़े रहेंगे। विधायक ने कहा कि रेलवे प्रशासन व्यापारियों के साथ बरबरतापूर्ण रवैया अपना रहा है। कई व्यापारियों के पास वैध दस्तावेज है। फिर भी उनकी दुकानें तोड़ी जा रही है जो निंदनीय है। करीब 11 दुकानदारों का मामला हाईकोर्ट में लंबित हैं। उसके बावजूद कार्रवाई करना न्यायालय की अवहेलना जैसी है। नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन मिलकर धमतरी के व्यापार को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार और निगम के डबल इंजन की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता आने वाले समय में इसका जवाब देगी। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि सड़क किनारे मौजूद अधिकांश दुकानदार प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग कर रहे हैं। लगभग सभी दुकानें खाली की जा चुकी हैं। दो चार दुकानों से सामान हटाना बाकी था। जिसके लिए अधिकारियों से कुछ घंटे की मोहलत मांगी गई। उन्होंने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए इसे बुलडोजर राज और दादागिरी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्रवाई की शुरुआत उनके भतीजे की दुकान से की गई। इस दुकान को टारगेट किया गया।

#### नियमानुसार कार्रवाई की गई : आयुक्त

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने स्पष्ट किया कि रेलवे की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नियमानुसार की गई। नगर निगम, राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन तथा रेलवे विभाग ने मिलकर कार्रवाई की। कई प्रतिष्ठानों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया। कार्रवाई के लिए टीमों को चार हिस्सों में बांटा गया। सभी टीम में लगभग 15 अधिकारी कर्मचारी तैनात थे। अतिक्रमण पर सामान रूप से कार्रवाई की गई किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया।

#### चार टीम, चार बुलडोजर का अभियान

प्रशासन की तय योजनानुसार अभियान को तेज गति से पूरा करने चार अलग-अलग टीम का गठन किया गया जिसमें रेलवे, राजस्व विभाग, नगर निगम, पुलिस प्रशासन के करीब 150 से अधिक अधिकारी कर्मचारी तैनात थे। अतिक्रमण हटाने क्रमबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। 48 दुकान-मकानों को जमींदोज किया गया। कई प्रतिष्ठानों एवं आवासों से सामान खाली कर दिए गए थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात थे।

#### प्रभावित परिवारों का अस्थाई व्यवस्थापन

प्रशासन ने प्रभावित लोगों के पुनर्वास को लेकर भी योजना बनाई है। नगर निगम आयुक्त के अनुसार लगभग 20 से 25 परिवारों के अस्थाई व्यवस्थापन के लिए पुरानी कृषि उपज मंडी में व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि बड़ी रेललाइन परियोजना धमतरी के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी। व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। परियोजना में देरी न हो, इसके लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता के साथ की गई।

## गौवंश का अवैध परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने अवैध एवं क्रूरतापूर्वक गौवंश के परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 बछड़ों को मुक्त कराया और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

■ करेली बड़ी चौकी पुलिस की कार्रवाई

मगरलोड थाना क्षेत्र की चौकी करेली बड़ी पुलिस को सूचना मिली थी कि बोलेरो पिकअप में गौवंशों को ठूंसकर बरबसपुर दुर्ग से सिहावा की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस टीम ने करेलीबड़ी के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका। जांच में 9 बछड़े अमानवीय हालत में पाए गए। चालक अभिलाष कुमार साहू और साथी राहुल यादव के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।



पुलिस ने आरोपी अभिलाष साहू पिता चुरामन उम्र 24 वर्ष व राहुल यादव पिता सुखचंद उम्र 27 वर्ष दोनों ग्राम बरबसपुर थाना रानीतराई जिला दुर्ग निवासी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। वाहन को जब्त कर पशुओं को गौशाला में सुरक्षित रखा गया है।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने सरपंच पर जताया अविश्वास

■ कलेक्टर से शिकायत करते हुए पद से हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरपंच पर मनमानी का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत सेमरा के पंचायत प्रतिनिधियों ने अविश्वास प्रस्ताव लगाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि उनकी मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में वे सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे।

सोमवार को ग्राम पंचायत सेमरा के 20 पंचायत प्रतिनिधि कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि सभी पंचायत प्रतिनिधि सरपंच की मनमानी से परेशान हैं। सरपंच न तो उपसरपंच को विश्वास लेकर काम कर रहे हैं और न ही अन्य पंचों को। उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत की प्रतिमाह बैठक नहीं आयोजित की जाती है। ग्रामसभा नहीं बुलाई जाती है। पानी टंकी की सफाई बिना पंचायत प्रस्ताव के कर दी गई। वाट्सएप पर अभद्र टिप्पणी करते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से सचिव, उपसरपंच, रोजगार सहायक व पंचों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हैं। टैक्स की राशि बैंक में जमा करने के बजाय खुद रखते हैं। ऐसे ही 12 बिंदुओं पर शिकायत कलेक्टर से करते हुए उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव लाकर सरपंच को पदमुक्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में उपसरपंच संदीप कुमार देवांगन, पुनीता नेताम, रामस्वरूप मरकाम, इंद्राणी मरकाम, मीना नेताम, संगीता नेताम, श्याम सुंदर देवांगन, खोगेश्वरी ध्रुव, धनेश्वरी साहू, झामिन साहू, इंद्रजीत देवांगन, श्यामा साहू, दूजबाई साहू, पायल देवांगन, थनेश्वरी देवांगन, नेमेश बोदले, टिकेश्वर साहू, संजय कुमार मरकाम, तुलसी नेताम, कमितला मरकाम शामिल हैं।



## जंगली सुअर के हमले से तीन घायल, इलाज जारी

**धमतरी।** अलग-अलग घटनाओं में जंगली सुअरों ने दो महिला सहित एक युवक पर हमला कर दिया। इस हमले में तीनों घायल हो गए।

■ ग्राम बंजारी व जवरगांव की घटना

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी कौशिल्याबाई पति अर्जुन सिंह उम्र 60 वर्ष व दिलेश ध्रुव उम्र 16 वर्ष सोमवार की सुबह गांव के खार में स्थित खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जंगली सुअर ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायलों का इलाज जारी है। एक अन्य घटना ग्राम जवरगांव की है जहां एक जंगली सुअर ने गांव की मोतिमबाई उम्र 30 वर्ष पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को छुट्टी दे दी गई। गर्मी का मौसम शुरु होते ही ग्रामीण अंचल के खेतों में जंगली सुअर का खतरा बढ़ जाता है। जंगली सुअर खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं खेत में काम करने गए लोगों पर हमला कर रहे हैं।



### जगतरा के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना

# अज्ञात ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली के परखच्चे उड़े, ट्राली में सवार दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि उपकरण भरकर नेशनल हाईवे से गुजर रहे ट्रैक्टर को अज्ञात ट्रेलर ने जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्राली के परखच्चे उड़ गए, वहीं ट्राली में सवार दो लोगों की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम डोकला से ट्रैक्टर में बांस, पाइप व कृषि उपकरण भरकर उसे छोड़ने के लिए ग्राम फागुनदाह थाना पुरूर जाने के लिए निकली थी। ट्रैक्टर नेशनल हाइवे से होते हुए पुरुर की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान ग्राम जगतरा मंदिर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर के चालक ने ट्रैक्टर ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ट्रैक्टर ट्राली हाईवे में पलट गई। ट्राली के दो पहिये टूटकर लगभग 50 मीटर जाकर अलग हो गए। भीषण सड़क हादसे को देख अफरातफरी मच गई। वहीं ट्राली में सवार दो लोग दूर फेंका गए। इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों का नाम देवेन्द्र उम्र 24 वर्ष व योगेश 28 वर्ष ग्राम डोकला थाना चारामा निवासी बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर वरदान सेवा समिति के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरुर के मरच्युरी पहुंचाया। वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।





## सड़क हादसों में तीन युवक घायल

**धमतरी।** रूद्री-गंगरेल मार्ग पर दो अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पतालों में उपचार जारी है।

■ रूद्री-गंगरेल मार्ग की घटना

मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना रविवार की शाम की है। विंध्यवासिनी वार्ड निवासी जयदीप सोनकर व नयापारा रूद्री रोड निवासी तुषार सोनकर रविवार की शाम स्कूटी में सवार होकर गंगरेल की तरफ गए थे। इसी दौरान गंगरेल की तरफ से कार क्रमांक सीजी 07 सीजी 1133 आ रही थी। गंगरेल मार्ग में मरादेव के पास स्थित मगरमच्छ स्टेच्यू मोड़ के पास कार व स्कूटी में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। स्कूटी से टकराने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर पेड़ से टकरा गई। इस घटना में स्कूटी सवार दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं कार सवार अपने वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही अपर कलेक्टर कल्पना ध्रुव एवं स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए वरदान परामर्श सेवा समिति को सूचना दी। संस्था के शिवा प्रधान व हेमंत प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए रूद्री रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि इस घटना में युवकों का पैर फ्रेक्चर हो गया है।









#### मवेशी से टकराई बाइक, चालक घायल

रविवार की रात्रि रूद्री रोड में दूसरा सड़क हादसा हुआ। एक युवक रात्रि में धमतरी की तरफ से बाइक में सवार होकर अपने घर रूद्री लौट रहा था। इसी दौरान रूद्री थाना के पास सड़क पर अचानक एक मवेशी आ गया। चालक बाइक को कंट्रोल नहीं कर सका और बाइक मवेशी से टकरा गई। इस घटना में बाइक चालक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे वरदान एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल का नाम चंद्रशेखर निर्मलकर रूद्री निवासी बताया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अब सपनों को मिलेगी नई उड़ान

**धमतरी।** जिले के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग धमतरी के मार्गदर्शन में जिला साहू समाज धमतरी द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर, फार्मेसी, पॉलिटेक्निक, मेडिकल एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटी चयन परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। खास बात यह है कि विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। आयोजकों ने जिले के सभी ग्राम, परिक्षेत्र एवं तहसीलों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पंजीयन की अपील की है, ताकि इच्छुक छात्र-छात्राएं इस निशुल्क कोचिंग का लाभ लेकर अपने भविष्य को संवार सकें। पंजीयन के लिए विद्यार्थियों को अपना नाम, पता एवं मोबाइल नंबर संबंधित समूह में भेजना होगा या पदाधिकारियों से संपर्क करना होगा। तैयारी में जिला महासचिव विजय साहू , महासचिव हरि शंकर साहू, कोषाध्यक्ष संत राम साहू एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू तथा हीरेंद्र साहू जुटे हैं ।

### सौराबांधा में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम सौराबांधा में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिषद में भक्ति का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में भाग लिया। श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर खोमन साहू, रामखिलावन साहू, कामेश साहू, कुंजलाल साहू उपस्थित थे।

### सेनचुवा की आंगनबाड़ी में हुआ न्योता भोज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 एवं 2 में पुत्र अंकुश साहू के जन्मदिन पर उनकी मां उपसरपंच प्रतिभा साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को केला, अंगूर एवं चाकलेट दिया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा चन्द्राकर, किरण यादव, सहायिका इंदिरा साहू, कला साहू उपस्थित थीं।

---

### विधायक चंद्राकर बोले : कौशल उन्नयन से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

# भखारा में "ऑपरेशन सिंदूर गार्डन" और लाईवलीहुड कॉलेज का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर पंचायत भखारा में विधायक अजय चंद्राकर ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर गार्डन और जिला आजीविका (लाइवलीहुड) कॉलेज का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम शासकीय आईटीआई भवन परिसर में आयोजित हुआ, जहां मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत आजीविका महाविद्यालय की शुरुआत की गई। वहीं परिसर के सामने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा निर्मित ऑपरेशन सिंदूर उद्यान भी जनता को समर्पित किया गया।






इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर गार्डन आने वाली पीढ़ियों को भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की याद दिलाएगा। उन्होंने इसे केवल एक उद्यान नहीं, बल्कि देशभक्ति और पर्यावरण जागरूकता का प्रतीक बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के हरित प्रयासों से स्थानीय तापमान में कमी आएगी और लोगों को स्वच्छ व शुद्ध वातावरण मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता जताई और अपील की कि हर व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि वृक्षों का संरक्षण ही भविष्य की सुरक्षा है।

लाइवलीहुड कॉलेज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि आज के समय में केवल सरकारी नौकरी ही रोजगार का विकल्प नहीं है। कौशल विकास के माध्यम से युवा स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे सड़क, बिजली और पानी जरूरी है, वैसे ही कौशल उन्नयन भी आज की आवश्यकता बन चुका है। कार्यक्रम में जिला आजीविका महाविद्यालय धमतरी के सहायक संचालक डॉ. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि यह कॉलेज युवाओं के सपनों को उड़ान देने का कार्य करेगा। उन्होंने यहां सौर ऊर्जा सहित विभिन्न ट्रेड शुरू किए जाने की जानकारी दी।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, जिला पंचायत सभापति पूजा राजू सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इमरान बेग ने किया।

---

# गरीब महिला को राशन से वंचित करने का आरोप वन नेशन वन राशन कार्ड योजना पर उठे सवाल

- एनएफएसए 2013 प्रावधान के बावजूद लक्ष्मणी बाई को नहीं मिला मार्च माह का अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

वन नेशन वन राशन कार्ड क्या कागजों तक सिमटकर रह गया है। रजिस्टर्ड राशन दुकान के अलावा अन्य स्थानों पर राशन देने का चोचला महज दिखावा है। यह कहना है बोरझरा में रहने वाली लक्षणीबाई का। अंवरी क्षेत्र के बोरझरा गांव से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक गरीब महिला लक्ष्मणी बाई को मार्च महीने का राशन नहीं मिलने से गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लक्ष्मणी बाई, जिनका राशन कार्ड बालोद जिले का है, स्वास्थ्य खराब होने के कारण अपने पैतृक गांव बोरझरा में रह रही हैं। पिछले दो महीने से वहीं रहने के बावजूद उन्हें स्थानीय राशन दुकान से अनाज नहीं मिल पाया।



पीड़िता के अनुसार बोरझरा राशन दुकान संचालक ने उनका राशन कार्ड 31 मार्च तक अपने पास रखा और समय निकल जाने के बाद उन्हें किसी अन्य दुकान से राशन लेने की सलाह दी। इस स्थिति ने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसका उद्देश्य प्रवासी और जरूरतमंद लोगों को कहीं भी राशन उपलब्ध कराना है।




लक्ष्मणी बाई की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है और वे लगातार बीमार भी चल रही हैं। ऐसे में राशन न मिलना उनके लिए भूखमरी जैसी स्थिति पैदा कर रहा है। यह मामला राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए 2013) के प्रावधानों के उल्लंघन को भी दर्शाता है, जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को रियायती दर पर अनाज उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर नीतू नेताम से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कई बार कॉल करने के बावजूद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

---

नगर पंचायत भखारा में कोसरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन

# एकता और संगठन ही समाज की सबसे बड़ी ताकत : ज्योति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज कुरुद क्षेत्र द्वारा नगर पंचायत भखारा स्थित मिनी स्टेडियम में दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा आकर्षक कलश यात्रा भी निकाली गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन रहीं। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद भूपेश्वरी चंदेल, छबिलाल निर्मलकर थे। माधवकुंवर यादव, संतोष यादव विनोद यादव, मणीराम यादव, पूरन यादव, चन्द्रप्रकाश यादव, रविन्द्र यादव दुर्गा यादव, दिनेश एवं समाजसेवी दीपक सोनी भी मौजूद थे। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ज्योति जैन ने कहा कि कोसरिया यादव समाज एक मेहनती और संस्कारित समाज है। हमें अपने बच्चों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हुए उन्हें शिक्षा और रचनात्मक कार्यों की ओर प्रेरित करना चाहिए। एकता और संगठन ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। अतिथियों को शाल, श्रीफल और भगवान कृष्ण की पेंटिंग भेंटकर सम्मानित किया गया।

---

# भोथली स्कूल में साइकिल शेड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली परिसर में साइकिल स्टैंड शेड का भूमिपूजन हुआ। भोथली जनपद सदस्य दिलीप सेन ने अपने मद से 2 लाख 24 हजार रुपए के साइकिल शेड निर्माण की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि अब छात्रों व शिक्षकों के वाहन को सुरक्षा मिलेगी। ज्ञात हो कि शेड नहीं होने से धूप व बारिश में शिक्षकों व छात्रों को अपनी साइकिल व गाड़ी बाहर में खड़ा करना पड़ता है। मौके पर प्राचार्य एलके उपाध्याय, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, अशोक सिन्हा उपसरपंच कुबेर साहू, बलीराम साहू, व्याख्याता गण डॉ. गणेशप्रसाद साहू, एलएन साहू, रामशरण मिश्रा, राकेश कुमार साहू, धनंजय सोनकर, मंजूषा साहू, रेखा देहारी, स्वाति सोरी समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



---

# गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

- 27 अप्रैल को सौंपा जाएगा ज्ञापन

गौसेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत रविवार को स्थानीय आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र में बैठक आयोजित हुई। इसमें गौसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बैठक में बताया गया कि संत समाज के मार्गदर्शन में देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अप्रैल को सभी तहसील में सुबह 11 से 12 बजे के बीच तहसीलदार व अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में गौवंश संरक्षण, गौहत्या पर प्रतिबंध और गौचर भूमि की सुरक्षा की मांग शामिल होगी। निर्णय लिया गया कि मांगें पूरी नहीं होने पर सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान को और तेज किया जाएगा तथा चरणबद्ध तरीके से जिला, राज्य और केंद्र स्तर तक आंदोलन को विस्तार दिया जाएगा। अगली बैठक 9 अप्रैल को होगी। बैठक में रंजीत साहू, राधेश्याम साहू, परशुराम निर्मलकर, उत्तम साहू, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, सूरज लांबा सहित अन्य उपस्थित थे।



---

# डांडेसरा स्कूल में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में मोनिका साहू के जन्मदिन के अवसर पर उनके पिता कमलेश्वर साहू एवं मां कमलेश्वरी साहू वार्ड पंच द्वारा शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। शाला के छात्र-छात्राओं को न्योता भोज में खीर-पूड़ी एवं चाकलेट दिया गया। शाला में मीठा नीम और आम के पौधे रोपे गए। इस दौरान कमलेश्वर साहू ने कहा कि सरकारी स्कूलों में न्योता भोज योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन परोसा जा रहा है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक कार्यक्रम है। लोग अपने जन्मदिन या विशेष अवसर पर बच्चों को खीर-पूड़ी और फल जैसे अतिरिक्त व्यंजन खिलाकर सामुदायिक सहभागिता व अपनत्व की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षिका अनीता साहू, शहनाज बानो, बीना गजेन्द्र, संतोषी दीवान, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, धनेश्वरी यादव उपस्थित थे।



---

# शिक्षा समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम : रोहरा

- आमदी में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील धमतरी का वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील धमतरी द्वारा वार्षिक अधिवेशन एवं समापन समारोह का आयोजन नगर पंचायत आमदी में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता सीताराम सोरी परिक्षेत्राध्यक्ष, पोटियाडीह ने की। विशिष्ट अतिथि अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, अजय ध्रुव सभापति जिपं धमतरी, श्यामलाल नेताम मुड़ाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, डॉ. एआर ठाकुर तहसील सलाहकार, घनेश्वरी साहू जिला पंचायत सदस्य, कीर्तन मीनपाल जनपद सदस्य रत्नाबांधा, संतकुमारी साहू जनपद सदस्य पोटियाडीह एवं नेहा पवार जनपद सदस्य थे।



इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की सांस्कृतिक विरासत, परंपराएं और सामाजिक मूल्य हमारी धरोहर हैं, जिन्हें सहेजकर आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। शिक्षा समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। युवाओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने समाज के युवाओं से नशामुक्ति, सामाजिक समरसता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

महापौर ने आगे कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दें।

श्री रोहरा ने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा समाज के विकास, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सामाजिक उत्थान, शिक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

---

**न्यायालय तहसीलदार मगरलोड, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र. क्रमांक/202602130100022/अ-59, वर्ष 2025-26
ग्राम-करेलीछोटी, प.ह.नं.-24, तहसील-मगरलोड
:::00:::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक उपायुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, धमतरी के पत्र क्रमांक/उ.पा.स.ध./साख-पुनर्गठन/2026/323 धमतरी, दिनांक 20/02/2026 के माध्यम से ग्राम-करेलीछोटी, प.ह.नं.-24, तहसील-मगरलोड स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 827 का भाग रकबा 0.610 हे. को गोदाम सह-कार्यालय भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत करेलीछोटी द्वारा दिये गये प्रस्ताव/सहमति प्रमाण पत्र नक्शा, खसरा सहित प्राप्त हुआ है। अतः मांग की गई उक्त भूमि के संबंध में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र में बने प्रावधानों के तहत जांच प्रतिवेदन अभिमत सहित इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। उक्त भवन निर्माण आंबटन हेतु आवेदन इस न्यायलय में विचारधीन है।

अतएव प्रकरण के संबंध में जिस व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15.04. 2026 तक न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः दिनांक 02.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार मगरलोड**

**न्यायालय तहसीलदार मगरलोड, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र. क्रमांक/202602130100023/अ-59, वर्ष 2025-26,
ग्राम-राजपुर, प.ह.नं.-25, तहसील-मगरलोड
:::00:::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक उपायुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, धमतरी के पत्र क्रमांक/उ.पा.स.ध./ साख-पुनर्गठन /2026/324 धमतरी, दिनांक 20/02/2026 के माध्यम से ग्राम-राजपुर, प.ह.नं.-25, तहसील-मगरलोड स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1140 का भाग रकबा 6.120 हे. का भाग रकबा 2.00 हे. को गोदाम सह-कार्यालय भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत राजपुर द्वारा दिये गये प्रस्ताव/सहमति प्रमाण पत्र नक्शा, खसरा सहित प्राप्त हुआ है। अतः मांग की गई उक्त भूमि के संबंध में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र में बने प्रावधानों के तहत् जांच प्रतिवेदन अभिमत सहित इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। उक्त भवन निर्माण आंबटन हेतु आवेदन इस न्यायलय में विचारधीन है।

अतएव प्रकरण के संबंध में जिस व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15.04. 2026 तक न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः दिनांक 02.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार मगरलोड**

---

### एनीकट क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा : सार्वा

# सिहावा में महानदी पर एनीकट निर्माण का भूमिपूजन, क्षेत्र में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

महानदी के उद्गम स्थल सिहावा में बहुप्रतीक्षित एनीकट निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। लगभग 4.86 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना का शुभारंभ सिहावा विधायक अंबिका मरकाम और जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की उपस्थिति में हुआ। लंबे समय से इस निर्माण की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि यह एनीकट क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके निर्माण से महानदी के जल का संरक्षण बेहतर तरीके से हो सकेगा, जिससे जलस्तर में वृद्धि होगी। इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। ग्रामीणों को दैनिक निस्तारी के लिए भी सुविधा मिलेगी। एनीकट बनने से आसपास के गांवों में जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी और क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी।

विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि यह निर्माण कार्य केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नगरी ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने के लिए एक वैकल्पिक एवं सुगम मार्ग के रूप में भी कार्य करेगा। इससे क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन आसान होगा, दूरी कम होगी और समय की बचत होगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि सरकार ग्रामीण अंचल के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। आधारभूत संरचनाओं का निर्माण न केवल लोगों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है।

मौके पर जिला पंचायत के वन सभापति अजय ध्रुव, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा नेता विकल गुप्ता, रवि दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी केपी साहू सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना से क्षेत्र में जल प्रबंधन, सिंचाई और विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### एपीके ऐप से 9.28 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** मोबाइल फोन में फर्जी एपीके ऐप भेजकर ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपी ने मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 9 लाख 28 हजार 500 की धोखाधड़ी की थी। प्रार्थी जशपुर के महुआ टोला निवासी 50 वर्षीय बिरेंद्र खलको हाल निवास नेहरू नगर नारायणपुर ने थाना भानुप्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि उन्होंने 24 जनवरी को मोबाइल पर एक एपीके ऐप भेजा गया, जिसे डाउनलोड करने के बाद उनका फोन हैक हो गया। इसके बाद आरोपी ने उनकी पत्नी के बैंक खाते से, जो मोबाइल नंबर से लिंक था और जिसमें फोन पे, गुगल पे और एसबीआई योनो का उपयोग होता था, अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 9.28 लाख रूपएं निकाल लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी शेरबहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### मृत्यु व घायल के प्रकरणों परआर्थिक सहायता मंजूर

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले द्वारा भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम भैंसमुण्डी, चौकी कच्चे निवासी धर्मेन्द्र कोला की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सोहन्तिन के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि और सड़क दुर्घटना में घायल भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कराठी निवासी शत्रुघन जैन और पखांजूर तहसील के ग्राम डोण्डे निवासी राजू मण्डल को 10-10 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने की कंट्रोल रूम स्थापित, टोल फ्री नंबर जारी

कांकेर। ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, इसके साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या होने अथवा ग्राम में हैंडपंप खराब व बंद होने की शिकायत होने पर टोल फ्री नंबर 1916 अथवा 1800-2330008 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर जयंत कुमार टिकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उनका मोबाइल नंबर 78049-74088 है, उक्त नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों दिल्ली में निकाली रैली, किया प्रदर्शन

**दुर्गुकोंदल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को देशभर के शिक्षकों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की। इस देशव्यापी आंदोलन में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। रैली में शामिल शिक्षकों ने केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नो टेट बिफोर आरटीई एक्ट जैसे नारे लगाए। सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि इस आंदोलन में देशभर से लगभग 20 लाख शिक्षक शामिल हुए, जिनमें छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले सहित कई जिलों के शिक्षक भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता थोपना उनके साथ अन्याय है। 30-35 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को पुनः परीक्षा देने के लिए बाध्य करना उनकी गरिमा और अनुभव की अनदेखी है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों और 146 विकासखंडों से शिक्षक अलग-अलग माध्यमों से दिल्ली पहुंचे। शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि उनकी सेवा अवधि और अनुभव को ध्यान में रखते हुए टेट अनिवार्यता समाप्त की जाए तथा पुराने शिक्षकों को राहत दी जाए।

राजिम में यादव ठेठवार महासभा का महाधिवेशन, मंत्री यादव ने की बड़ी घोषणाएं

# यादव समाज के प्रतिभावान लोगों का हुआ सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

यादव ठेठवार महासभा के छत्तीसगढ़ मुख्यालय राजिम में रविवार को वार्षिक महाधिवेशन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलेन्द्र यादव ने की। विशिष्ट अतिथि राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव और फिंगेश्वर उपाध्यक्ष सतीश यादव थे।

अपने संबोधन के दौरान कैबिनेट मंत्री श्री यादव ने समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सहयोग से ही उन्हें प्रदेश की सेवा का अवसर मिला है। समाज की मांग पर उन्होंने छात्रावास निर्माण हेतु नगरपालिका अध्यक्ष को तत्काल आधा से एक एकड़ शासकीय भूमि का प्रस्ताव एवं नक्शा तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। छात्रों को बड़ी राहत देते हुए मंत्री ने घोषणा की कि जब तक छात्रावास निर्मित नहीं हो जाते, तब तक उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के कमरे का किराया छत्तीसगढ़ शासन वहन करेगा। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः 11 बजे श्रीकृष्ण ध्वज पूजन, शंख ध्वनि और श्री राधा-कृष्ण मंदिर में आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए युवा पत्रकार रोम शंकर यादव (भिलाई-दुर्ग) सहित शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को पारंपरिक पीला गमछा और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अंतिम सत्र में हुई समाज प्रमुखों की बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी सामाजिक चुनाव समय पर कराने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन में संरक्षक कृपाराम यादव, डॉ. सुरेंद्र यदु, कोमल यदु सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए पदाधिकारी, मातृशक्ति और युवा सदस्य उपस्थित थे।

मुख्य नहर के माध्यम से विभिन्न जिलों के 300 तालाब भरे जाएंगे

# तालाबों को भरने गंगरेल बांध से छोड़ा गया पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**परियोजना के बांधों में पर्याप्त पानी**

जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 21.443 टीएमसी है। गंगरेल बांध में क्षमता का 79 प्रतिशत पानी है। मुरूमसिल्ली बांध में 4.992 टीएमसी जलभराव के साथ यहां 87 प्रतिशत पानी है। दुधावा बांध में 7.715 टीएमसी पानी है। यहां क्षमता का 86 फीसदी जलभराव है। सोंढूर बांध में 4.497 टीएमसी जलभराव है। सोंढूर बांध में 70 फीसदी पानी मौजूद है।

अप्रैल माह के साथ तापमान का ग्राफ 38 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया है। गर्मी बढ़ने के साथ पानी की कमी गंभीर समस्या बनती जा रही है। हालात को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने रूद्री बरॉज से मुख्य नहर में पानी छोड़ दिया है। रूद्री बरॉज से रविवार को एक हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है, वहीं रूद्री बरॉज के लिए गंगरेल बांध के एक मुख्यगेट से पानी दिया जा रहा है।

मुख्य नहर के माध्यम से रायपुर, भाटापारा, बलौदाबाजार तथा धमतरी के ग्रामीण क्षेत्र में निस्तारी की समस्या से निपटने पानी दिया जा रहा है। इसके जरिए करीब 300 तालाबों को पानी से भरा जाएगा। ग्रामीण इलाकों में पानी की किल्लत होने से पानी की मांग होने लगी है। लगातार मिल रहे आवेदनों के बाद कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने 2 अप्रैल से रूद्री बरॉज से मुख्य नहर में पानी छोड़ने का फैसला लिया। धीरे- धीरे पानी की मात्रा बढ़ाई जाएगी। जिससे रायपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा एरिया तक पानी पहुंचाया जाएगा।

जल संसाधन विभाग के एसडीओ पामेश सिन्हा ने बताया कि टेल एरिया के गांवों से लगातार पानी की मांग हो रही है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पानी छोड़ा जा रहा है। सभी प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त निस्तारी पानी के लिए पानी छोड़ने की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है। अप्रैल माह के अंत तक 300 तालाबों को भरने की कवायद है।

# अब गांव में ही मिलेगा न्याय

- राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु अकलाडोंगरी-बोरई में लिंक कोर्ट शुरू
- ग्रामीणों को बड़ी सुविधा: तहसीलदार करेंगे राजस्व मामलों की सुनवाई

**इस प्रकार रहेगी लिंक कोर्ट की व्यवस्था**

विकासखंड धमतरी (तहसील धमतरी) स्थान ग्राम पंचायत भवन अकलाडोंगरी, पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार, धमतरी, निर्धारित दिवसः प्रत्येक शुक्रवार तथा विकासखंड नगरी (तहसील बेलरगांव), स्थान ग्राम पंचायत भवन बोरई, पीठासीन अधिकारीः तहसीलदार/नायब तहसीलदार, बेलरगांव, निर्धारित दिवस प्रत्येक गुरुवार होगा।

**धमतरी।** जिले के डुबान प्रभावित दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत देते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए लिंक कोर्ट सुविधा प्रारंभ करने की घोषणा की थी । यह निर्णय 3 अप्रैल को किए गए क्षेत्रीय दौरे के दौरान ग्राम अकलाडोंगरी में ग्रामीणों से सीधे संवाद के बाद लिया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके ही क्षेत्र में सहज, सुलभ एवं समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना है। अब अकलाडोंगरी सहित आसपास के गांवों के लोगों को राजस्व मामलों के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय तक बार-बार आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे समय और आर्थिक संसाधनों की बचत होगी, साथ ही प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत होगा। नई व्यवस्था के तहत सप्ताह में एक दिन तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार संबंधित ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर लंबित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे और मौके पर ही निराकरण करेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लिंक कोर्ट के संचालन में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। ग्रामीणों को इसकी जानकारी व्यापक रूप से देने के लिए ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। शासन की प्राथमिकता है कि दूरस्थ एवं डुबान प्रभावित क्षेत्रों में भी विकास और न्याय की पहुंच समान रूप से हो।

# बिना अनुमति नलकूप खनन पर रोक, आदेश लागू

- पेयजल संकट से निपटने प्रशासन सख्त, धमतरी बना जल अभावग्रस्त क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में औसत वर्षा से कम वर्षा होने तथा अल्पवृष्टि, खण्डवृष्टि के कारण भूमिगत जल स्तर में परिलक्षित हो रही गिरावट के फलस्वरूप लोक स्वाथ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित किये गये विभिन्न पेयजल स्त्रोतों जैसे हैण्डपंप, नलजल प्रदाय योजना, सिंगल फेस पावर पंप एवं सोलर योजनाओं से जल की आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना तथा ग्रीष्म ऋतु में इसके और भी गहराने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने सम्पूर्ण जिले को 10 मार्च से आगामी मानसून आगमन तक अथवा 30 जून तक जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।



कलेक्टर की अनुज्ञा के बिना जल अभावग्रस्त क्षेत्र में जल स्त्रोत से सिंचन या औद्योगिक प्रयोजन के लिये या अन्य प्रयोजन के लिये जल लेने का प्रतिषेध है।

जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेन्सी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगर पालिक निगम एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा।

आदेश के क्रियान्वयन कलेक्टर ने प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी धमतरी को धमतरी नगर निगम सीमा अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (रा) धमतरी को राजस्व अनुविभाग धमतरी अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (रा) कुरूद को राजस्व अनुविभाग कुरूद अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा) नगरी को राजस्व अनुविभाग नगरी अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। यह अधिकारी अपने प्राधिकृत क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन पाया जाता है या जल स्त्रोतों का दोहन करते पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध कार्रवाई करेंगे। यह आदेश तत्काल से प्रभावशील होगा।

## भारत स्काउट एवं गाइड ने खोला प्याऊघर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- स्काउट गाइड सेवा का प्रथम पायदान है: जायसवाल

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ के मार्गदर्शन में स्थानीय संघ भारत स्काउट गाइड, साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, नई आशा नई उमंग व छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएश के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्टरेट रोड में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल व साहू समाज जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू एवं स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने किया। डीईओ श्री जायसवाल ने कहा कि स्काउट गाइड सेवा का प्रथम पायदान है। इससे व्यक्ति के मन में सेवा भावना जागृत होती है। गणेशराम साहू ने कहा कि प्याऊ घर से भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिलेगी। जल ही जीवन है, इस वाक्य को स्काउट गाइड ने चरितार्थ किया।

डॉ. गणेशप्रसाद साहू ने राहगीरों के सेवा कार्य पर जोर दिया। मौके पर सहायक संचालक एसके सूर्यवंशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, स्काउट गाइड जिला सचिव सोहनलाल साहू, डीओसी हिना भेषले, उपाध्यक्ष डोलेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष डॉ मंजूषा साहू, संतराम साहू, डीपेंद्र साहू, कमलेश कांत साहू, केकती साहू, डॉ. आशीष नायक, परविंदर कौर, हरिश साहू, हेमंत साहू ,डुवेंद्र मंडावी, दिग्विजय सिंह कृदत्त, टेमेश पटेल, श्याम सुंदर नेताम, पिंकी वैष्णव, थमेश्वरी साहू मौजूद थे।

## आईटीआई कर्मचारी-अधिकारी संघ रायपुर संभाग के जयंत बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

छग आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ का रायपुर संभागीय निर्वाचन गुरुवार को शंकर नगर स्थित छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय में हुआ। संभाग अध्यक्ष पद के लिए जयंत साहू का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। संभागीय चुनाव के दौरान धमतरी जिला अध्यक्ष भानुप्रताप पाल, रायपुर जिला अध्यक्ष सेवकलाल बाग, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष चंद्रकांत कश्यप, महासमुंद जिला अध्यक्ष बदरुद्दीन तथा गरियाबंद जिला अध्यक्ष राकेश कुमार साहू चुने गए। पीतांबर पटेल को निर्वाचन अधिकारी और हितेंद्र कुमार साहू को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। दोनों चुनाव अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया सपन्न कराई। इस दौरान छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा विशिष्ट अतिथि व प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में आईटीआई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार सोनी, मीडिया प्रभारी नमिता निषाद सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## लोगों में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ रही रुचि



- नि:शुल्क एडवांस योग शिविर का तीसरा सप्ताह, बच्चों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रसिद्धि आयुर्वेद पंचकर्म एवं पाईल्स चिकित्सालय धमतरी में लगातार तीसरा सप्ताह योग प्रशिक्षण दिया गया। निःशुल्क योग एवं एडवांस योग शिविर 22 मार्च से शुरू हुआ है।

डा. संदीप साहू ने बताया कि प्रत्येक रविवार को सुबह 6:30 बजे से निःशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग प्रशिक्षक उमराव साहू द्वारा एडवांस योग का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिविर का उद्देश्य विशेष रूप से बच्चों को उनकी गर्मी की छुट्टियों के दौरान योग के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।



शिविर में वार्मअप के बाद बैठकर, खड़े होकर एवं लेटकर किए जाने वाले विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। इसमें पर्वतासन, वज्रासन, शशांकासन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शवासन एवं पवनमुक्तासन सहित कई आसनों का अभ्यास शामिल रहा। योग के माध्यम से मानसिक तनाव को कम करने, पाचन तंत्र को मजबूत बनाने तथा शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लाभ भी बताए गए। साथ ही सर्वाइकल, कमर दर्द एवं अन्य शारीरिक समस्याओं में योग को लाभकारी बताया गया।

## कलेक्टर ने आर्थिक सहायता स्वीकृत की

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई डूबने की घटनाओं में मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। नगरी तहसील के ग्राम जबर्रा निवासी मनिहार मरकाम की 8 सितंबर 2025 को काजल नदी पार करते समय अचानक जलस्तर बढ़ने से डूबकर मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती रामकुमारी को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। कुरूद तहसील के ग्राम चर्रा निवासी नरेन्द्र कुमार पटेल की 21 नवंबर 2025 को निर्माणाधीन मकान के गड्ढे के पानी में डूबने से मौत होने के फलस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती दुर्गा पटेल को भी 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मगरलोड तहसील के ग्राम मड़ेली के मनीराम कमार की 12 दिसंबर 2025 को नाले में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती हेमिन बाई कमार को 4 लाख रुपये और ग्राम आमाचानी के विष्णु राम निर्मलकर की 20 अक्टूबर 2025 को रांकाडीह के बांधा तालाब में डूबने से मौत होने के फलस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती शांताबाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। उक्त मामलों में संबंधित नायब तहसीलदारों द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के अभिमत के बाद स्वीकृति प्रदान की गई।

करण-सृष्टि के देवी गीतों पर देर रात तक झूमते रहे श्रोता

# भगवान शंकर के साथ भूत-पिशाच की झांकी ने मोहा मन

- आमापारा मकेश्वर वार्ड में हनुमान जन्मोत्सव पर रायपुर का जगराता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आमापारा मकेश्वर वार्ड में बनियातालाब पार में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। शुक्रवार की रात जगराता कार्यक्रम हुआ, जिसमें राजधानी रायपुर के जोरापारा निवासी करण साहू और सृष्टि साहू ने हनुमानजी और देवी भक्ति गीतों में समां बांध दिया। देर रात एक बजे तक जगराता चला।

शुक्रवार की रात बनियातालाबपार स्थित श्री मारूति नंदन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद जगराता का आयोजन हुआ। जोरापारा रायपुर से आए जगराता कलाकार करण साहू ने गणेश वंदना के बाद हनुमानजी, काली मां का आह्वान करते हुए सुमधुर भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। गायिका सृष्टि साहू ने भक्ति गीतों के जरिए समां बांधा। बिलाई माता दाई, शीतला माता की शान जैसे गीतों में दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। काली मां की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। ग्राम अंकारा के कलाकारों ने मां काली, मां दुर्गा, हनुमानजी, शंकरजी के साथ भूत-पिशाच की झांकी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अतिथि पार्षद प्रकाश सिन्हा, नंदू जसवानी, यशवंत सिन्हा, गजानंद मीनपाल, दिलीप पटेल, प्रहलाद पटेल, शैलेन्द्र नाग, बबला पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम में बनाने गोपी यादव, विनीत यादव, गोविंद यादव, आशु यादव, सोमेशदास मानिकपुरी, युवराज पटेल, पुनाराम देवांगन, प्रफुल्ल नाग, भूपेन्द्र नाग का सहयोग रहा।

**मंच पर सजी 21 देवियों की प्रतिमा**

श्री मारूति नंदन हनुमान परिवार एवं एमजी ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने जो भव्य मंच सजाया था, वह देखते ही बन रही थी। विंध्यवासिनी देवी, मां अंगारमोती, शीतला माता, रिसाई माता, दंतेश्वरी माई धमतरी, मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़, मां महामाया रतनपुर, बूढ़ी माता रायगढ़, मां दंतेश्वरी दंतेवाड़ा, जतमई माता, घटारानी माता, चन्द्रहासिनी मां, हिंगलाज माता, चंडी माता कुरूद, बालाजी, सिद्धि माता, जगदम्बा माता, गंगा मैया बालोद आदि 21 देवी-देवताओं को विराजित कर सुंदर मंच सजाया गया था।

# पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ पर निकली कलशयात्रा



**धमतरी।** प्रज्ञा महिला मंडल सोरिद इकाई धमतरी द्वारा काली मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन के पास 4 से 7 अप्रैल तक 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण एवं संस्कार महोत्सव आयोजित है।

शुभारंभ अवसर पर कलशयात्रा निकाली गई। मौके पर जिला समन्वयक दिलीप नाग, राजकुमार साहू, शेखन साहू, योगेश बंछोर, जालम सिंह कुंभकार, पुरुषोत्तम निर्मलकर, लक्ष्मण यादव, संदीप देशमुख, डॉ रामचंद्र मेश्राम, माखन साहू, चेतन साहू, लक्ष्मण साहू, शकुन कश्यप अलका तारम, प्रमिला साहू, साक्षी देशमुख समेत वार्ड पार्षद सुमन मेश्राम एवं विशु देवांगन भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नशे में लापरवाही से हुई मौत दोस्त को ट्रक से कुचलने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र में हैलीपेड में एक दर्दनाक हादसे ने दोस्ती को मातम में बदल दिया। शराब के नशे में लापरवाही ने वाहन चालक की जान ले ली और अब पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश कुमार ध्रुव की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल मार्गदर्शन और एसडीओपी शेरबहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रहलाद यादव ने विशेष टीम का गठन किया। पुलिस को जानकारी मिली कि 25 वर्षीय आरोपी डिगेश्वर उर्फ डिग्गू नुरेटी ने अपने जन्मदिन को मनाने के लिए 4 अप्रैल की रात को दोस्तो के साथ हेलीपैड में एकत्र हुए और जन्मदिन का जश्न मनाया।
हेलीपैड के पास चली पार्टी में सभी ने शराब का सेवन किया। नशे की हालत में मृतक रितिक रोशन मरकाम ट्रक के सामने ही सो गया, जबकि अन्य दोस्त अपने-अपने घर लौट गए। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी को यह जानकारी थी कि उसका दोस्त ट्रक के सामने सो रहा है, इसके बावजूद उसने शराब के नशे में ही ट्रक चलाया। उसकी इस लापरवाही ने रितिक की जान ले ली। हादसे के बाद आरोपी उपयोग में लाए ट्रक सीजी 04 एलडी 5769 गोड़वाना भवन के सामने छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### बोलेरो की ठोकर से स्कूटी सवार गंभीर पहुंचाया गया अस्पताल

**कांकेर।** बड़गांव से अपने घर सरंगपाल लौट रहें राजमिस्त्री सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगिरों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्ति बड़गांव से अपने स्कुटी में सवार होकर आ रहा था। घर पहुंचने के लिए महज कुछ किलोमीटर बाकी था कि बोलेरो वाहन के चलाक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे सरंगपाल निवासी 44 वर्षीय कार्तिक राम पटेल पिता स्व. जीवन लाल पटेल ने पुलिस को बताया कि राज मिस्त्री का काम करता हूं, मेरा बड़ा भाई चंद्रधर पटेल पिछले एक सप्ताह से बड़गांव अपने काम से गया था, जो मुझे फोन कर बताया था कि मैं घर आउंगा। वह 5 अप्रैल को अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 3596 से वापस घर संरगपाल आ रहा था कि रात्रि करीबन साढ़े 7 बजे मुझे हमारे गांव के रोशन कुंजाम का फोन आया और बताया कि आपका भाई चंद्रधर पटेल को जेपी इंटरनेशल स्कूल के पास बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 3320 के चालक प्राण सिंह यादव के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आपके भाई स्कुटी सहित रोड में गिर गया। एक्सीडेंट से आपके बड़े भाई को गंभीर चोटे आई है, जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 3320 का चालक प्राण सिंह यादव के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### चिचगांव के सरपंच की मोटरसाइकिल की चोरी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चिचगांव के सरपंच 27 मार्च की रात अपने साथी दीपांकर कोरेटी के साथ गांव के ही जगदीश कोर्राम के यहां आयोजित टिकावन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोनों ने अपनी मोटरसाइकिल सीजी 19 बीएफ 4179 को चैतराम मरकाम के घर के सामने खड़ा कर समारोह में शामिल हुए और रात करीब साढ़े 9 बजे वापिस लौटे तो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। चोरी हुई बाइक की कीमत करीबन 15 हजार रूपएं है। मामले में 6 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व विधायक पर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने का लगाया आरोप

# दो पार्षद सहित सैकड़ों भाजपाइयों ने दिया सामूहिक इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी में सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर विवाद अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। वार्ड क्रमांक 09 एवं 10 के निवासियों सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक पिंकी शाह पर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए पार्टी की प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है।

वार्डवासियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र में लंबे समय से सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी। शासन से राशि स्वीकृत होने के बाद भूमिपूजन भी किया जा चुका है। इसके बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। आरोप लगाते हुए कहा कि जिस स्थान पर सामुदायिक भवन का निर्माण प्रस्तावित है, वह भवन वर्तमान में पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव को वन विभाग द्वारा आवास के रूप में आवंटित किया गया है। जबकि वे लंबे समय से अन्य स्थान पर निवासरत हैं, फिर भी उक्त भवन को खाली नहीं किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे आंदोलन और चक्काजाम जैसे कदम उठाने को बाध्य होंगे। उन्होंने पूर्व विधायक को दी जा रही सुरक्षा व्यवस्था और उनके सुरक्षाकर्मियों के लिए उक्त भवन के उपयोग पर भी सवाल उठाए गए हैं। वार्डवासियों ने मांग की है कि उक्त भवन को तत्काल खाली कराकर वन विभाग के कर्मचारियों या जनहित कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाए।

#### हमेशा विकास का समर्थन किया : पिंकी

इस घटनाक्रम पर पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह ने कहा कि उन्होंने सदैव क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है, लेकिन कुछ लोग राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर उनके खिलाफ अनावश्यक विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। वर्तमान में वन विभाग द्वारा उन्हें आवास हेतु मकान आवंटित किया है। ऐसे में यदि उसी स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण प्रारंभ



किया जाता है, तो स्वाभाविक रूप से वन विभाग उनसे यह प्रश्न करेगा कि जब मकान उन्हें आवास के लिए दिया गया है, तो उन्होंने वहां निर्माण की सहमति कैसे दी। श्रीमती ध्रुव ने बताया कि संबंधित स्थल पर बिना उनकी जानकारी के नाप-जोख की गई। इसके पश्चात वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के पार्षदों तथा कुछ वार्डवासियों ने उनसे मुलाकात कर यह जानकारी दी कि वन विभाग को सामुदायिक भवन निर्माण से कोई आपत्ति नहीं है। इस पर उन्होंने भी स्पष्ट कहा कि यदि विभाग को कोई आपत्ति नहीं है, तो उन्हें भी कोई आपत्ति नहीं है और वार्डवासी निर्माण कार्य आगे बढ़ा सकते हैं। आगे कहा कि इसके बावजूद उनके खिलाफ नारेबाजी की गई। श्रीमती ध्रुव ने आगे कहा कि कुछ लोगों ने यह मांग भी कि उक्त भवन सुरक्षा कर्मियों को न देकर वन विभाग के कर्मचारियों को आवंटित किया जाए। इससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित लोगों की मंशा सामुदायिक भवन निर्माण नहीं, बल्कि उन्हें उस मकान से बेदखल करना है। श्रीमती ध्रुव ने कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार है।

#### भवन निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है : छाबड़ा

वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि



सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। वन विभाग (डीएफओ) द्वारा भूमि का निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है, जिसके चलते कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करने को कहा गया है। निरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिया गया है।

### अटंग में कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया

**सिर्री।** ग्राम अटंग में 2 अप्रैल को संत माता कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। ग्राम के गलियों में समाज की महिलाओं के द्वारा बाजे- गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के दौरान रसना पानी, पेप्सी, चॉकलेट बांटा गया। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, दानदाताओं ,वरिष्ठ सामाजिक जनों, सैनिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष ने समाज की एकता, भाईचारे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहू समाज एक मेहनतकश समाज है। साहू समाज के लोग अपनी कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने समाजजनों की मांग पर पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नरसिंह साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है।

## 125 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार एवं 24 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गायत्री परिवार सोरिद द्वारा आयोजित चार दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव अंतर्गत तृतीय दिवस 125 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार एवं 24 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार किया गया।

कथावाचक वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र परमानंद महराज ने कहा कि छोटे बच्चों के लिए माता ही सबसे पहले गुरु होती है। मां की पाठशाला में प्राप्त शिक्षा ही उनके विकास एवं उन्नति का आधार होता है। विद्या आरंभ संस्कार से ही बचपन से ही पढ़ने लिखने के प्रति रुचि जागृत होती है। पुंसवन संस्कार द्वारा माता के गर्भ से ही शिशुओं को संस्कारवान, चरित्रवान एवं ज्ञानवान बनाने का प्रयास किया जाता है। जिला समन्वयक दिलीप नाग, प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण, ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर, वरिष्ठ परिजन तामेश्वर साहू का गायत्री मंत्र शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नारायण कौशिक व आभार प्रदर्शन चेतन साहू ने किया।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार पर बनी व्यापक कार्ययोजना

- तहसील साहू संघ ग्रामीण धमतरी की पहली बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शुक्रवार को तहसील साहू संघ ग्रामीण धमतरी की प्रथम बैठक तेलीनसती सामाजिक भवन में अध्यक्ष चिरौंजी लाल साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी 9 परिक्षेत्रों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों ने समाज को नई दिशा देने के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान वर्षभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार को प्राथमिकता देते हुए समाज की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

युवा प्रकोष्ठ द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान, महिला प्रकोष्ठ द्वारा रक्षाबंधन एवं हरितालिका तीज महोत्सव, किसान प्रकोष्ठ द्वारा किसान सम्मेलन तथा व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा व्यापार सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से पीड़ित एवं शोषित वर्ग को त्वरित न्याय दिलाने तथा कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु करियर गाइडेंस एवं समर कैंप आयोजित करने पर सहमति बनी। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों, नशामुक्ति, अंतरजातीय विवाह एवं धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर जागरूकता लाने का संकल्प लिया गया।

बैठक में गोपाल साहू, हीरेंद्र साहू, टीकाराम साहू, श्रीमती ज्योति साहू, मानिक राम साहू, कमलेश साहू, गणेशप्रसाद साहू, गजानन, श्रीमती रुक्मणि साहू, पुरुषोत्तम साहू, हुलास राम साहू, नंदझरोखा साहू, मस्तराम साहू, डूमनलाल साहू, काशीराम साहू, तरुण साहू, रामकिशुन साहू, तेजराम साहू, डेरहूराम साहू, गोवर्धन साहू, रूपेंद्र साहू, यशवंत साहू, अलखराम साहू, शंकर साहू, चोवाराम साहू, लेखराम साहू, रामनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाज के उत्थान पर दिया जोर



**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक ग्राम में अछोटी में हुई। बैठक में पूर्व पदाधिकारियों को विदाई और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस दौरान सभी ने समाज के उत्थान पर जोर दिया। बैठक का आरंभ भगवान शिव शंकर और संत गाडगे बाबा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। पूर्व जिला अध्यक्ष भरतराम निर्मलकर, सचिव धीरज निर्मलकर समेत अन्य पदाधिकारियों का श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने कहा कि समाज के विकास के लिए हर व्यक्ति की भूमिका जरूरी है। हमें मिलजुल कर काम करना है। शिक्षा जरूरी है। नशापान से दूर रहना है। संत गाडगे बाबा ने जो रास्ता दिखाए हैं, उस पर चलना है। भरत निर्मलकर ने कहा कि हमें समाज हित को देखते हुए काम करना है। इस दौरान विभिन्न एजेंडों पर चर्चा भी हुई। मौके पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलू रजक, उपाध्यक्ष संतोष निर्मलकर, चमन निर्मलकर, बीरसिंह निर्मलकर, निरेंद्र निर्मलकर, जयराम निर्मलकर, गजानंद निर्मलकर, रमन निर्मलकर, चित्ररेखा निर्मलकर, गणिता निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में समाजजन उस्थित थे।

## जिला कुंभकार समाज की कार्यकारिणी का विस्तार



- मिट्टी के बर्तन का मूल्य निर्धारण करने एवं आदर्श विवाह को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला धमतरी द्वारा ग्राम सेमरा (बी) में जिला स्तरीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । सर्वसम्मति से संरक्षक बिशु चक्रधारी, प्रांतीय प्रतिनिधि पुरुषोत्तम चक्रधारी, सलाहकार किशुन चक्रधारी, लुमेश चक्रधारी, सुंदरलाल चक्रधारी नियुक्त किए गए।

जिलाध्यक्ष गगन कुम्भकार ने कहा कि अधिकांश समाज के पैतृक व्यवसाय में मूल्य निर्धारण किया गया है किंतु कुम्हार समाज के पैतृक व्यवसाय मिट्टी के बर्तन या अन्य सामग्री में किसी प्रकार का मूल्य निर्धारण नहीं हो पाया है जिसके कारण पैतृक व्यवसाय से जुड़े कुम्हार समाज के लोगों को उनकी मेहनत के अनुरूप कीमत नहीं मिल पाता। कुम्हार समाज का पैतृक व्यवसाय विलुप्ति की कगार पर पहुंच जाएगा। उन्होंने शासन-प्रशासन से कुम्हार समाज के पैतृक व्यवसाय को जीवित रखने संसाधन उपलब्ध कराने व ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्थाई कुम्हार बाजार उपलब्ध कराने की मांग की।

विवाह में बाहरी आडंबर का त्याग कर मुख्यमंत्री निधन कन्या विवाह अंतर्गत सामूहिक आदर्श विवाह करने समाजजनों से अपील की। कार्यक्रम में प्रांतीय कार्यकारिणी द्विजराम कुंभकार, जिला सचिव रामसुख चक्रधारी, उपाध्यक्ष पुरानिक चक्रधारी, कोषाध्यक्ष परशुराम प्रजापति, केंद्र प्रधान अवध राम चक्रधारी, अश्वनी कुंभकार,विष्णु राम कुंभकार, गोवर्धन चक्रधारी, प्रेमलाल प्रजापति, कुलेश्वरी चक्रधारी, कौशल्या प्रजापति, निशा कुंभकार समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## गर्मी में राहगीरों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



- छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर सिहावा चौक के पास प्याऊघर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा सिहावा चौक के पास प्याऊघर का शुभारंभ किया गया। इस कार्य का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने किया।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन जनसेवा, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उनकी पुण्यतिथि पर इस प्रकार का जनहितकारी कार्य करना उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है। गर्मी में राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सेवा है।

कार्यक्रम में महेन्द्र पंडित जिला महामंत्री, विनोद राव रणसिंह पूर्व मराठा समाज अध्यक्ष, भागवत यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ, नंदकुमार लोधी जिला संयोजक, आशा लोधी वार्ड पार्षद, राजीव चंद्राकर, विजय साहू शहर मंडल महामंत्री, चंद्रकला पटेल, नील पटेल (विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक, दीपक देवांगन, अनूप लोधी, हिमानी साहू विधि प्रशासन सभापति), संतोष सोनकर पार्षद, देवेंद्र ध्रुवंशी जिला शहर मंडल मंत्री, रुक्मिणी सोनकर महिला मोर्चा उपाध्यक्ष, प्रकाश लहरे अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष निलेश पावरिया, अच्चा पटेल, गोपाल नेताम, मनोहर ढीमर, अजय नेताम एवं राहुल दुग्गड़ उपस्थित थे।

## मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न हो : मिश्रा

- कलेक्टर ने अकलाडोंगरी स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डुबान प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विकासखंड धमतरी के ग्राम अकलाडोंगरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति तथा उपचार व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस चालक की अनुपलब्धता का मुद्दा सामने आने पर कलेक्टर ने इसे तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर ग्राम के ही योग्य लक्ष्मी नारायण को तत्काल एंबुलेंस चालक के रूप में नियुक्त किया जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डुबान प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने मोबाइल मेडिकल यूनिट के नियमित संचालन, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने तथा गंभीर मरीजों के त्वरित रेफरल की व्यवस्था करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान एसडीएम पीयूष तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल. कौशिक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री प्रिया कंवर, कार्यपालन अभियंता (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), उपसंचालक पंचायत नकुल वर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विमल साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### टेट अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन में जिले के सैकड़ों शिक्षक हुए शामिल

# दिल्ली के रामलीला मैदान में शिक्षकों का महासैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




टेट अनिवार्यता के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित ऐतिहासिक आंदोलन में देशभर से आए शिक्षकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस आंदोलन ने शिक्षकों की एकजुटता और संघर्ष की ताकत को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से प्रदर्शित किया। छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में हजारों शिक्षक इस आंदोलन में शामिल हुए।

आंदोलन को संबोधित करते हुए टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्रा शर्मा ने कहा कि टेट अनिवार्यता का निर्णय लाखों शिक्षकों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से इस फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और उग्र एवं व्यापक रूप दिया जाएगा।,

मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने विश्वास दिलाया कि वह प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा कर इस समस्या का समाधान करेंगे और हर परिस्थिति में शिक्षकों के साथ न्याय करेंगे। जरूरत पड़ने पर उनके हक के लिए आवाज भी बुलंद करेंगे ।

प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के शिक्षक अपने हक की लड़ाई में पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से एकजुट रहकर इस संघर्ष को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस आंदोलन में प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, बसंत कौशिक, शेषनाथ पांडे, रंजीत बनर्जी, दिलीप लहरे, देवराज खुंटे समेत धमतरी जिले के सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

#### जिला स्तर पर आवाज बुलंद की

प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, प्रांतीय संगठन महामंत्री राजेन्द्र वर्मा, जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश साहू, ममता प्रजापति, तेजपाल साहू, टेमन साहू, भेषज साहू, नवीन मार्कंडेय, दुष्यंत सिन्हा, परमेश्वर साहू, प्रकाशचंद्र साहू,, फालेश कुर्रे, शंकर मानिकपुरी, सूरज कंवर, गौतम साहू, तुकलेश साहू, शिवानी रावत, भुनेश्वरी ध्रुव, संजय सोनवानी, शैलेन्द्र साहू ने जिला स्तर पर आवाज बुलंद की।

## तीसरी बार दिनेश अध्यक्ष बने



- श्री पातालेश्वर महादेव डोंगेश्वर धाम जनविकास समिति के पदाधिकारी चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री पातालेश्वर महादेव डोंगेश्वर धाम जनविकास समिति देवपुर की वार्षिक आम सभा समिति के संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की उपस्थिति में हुई। कोषाध्यक्ष चन्द्रभान साहू द्वारा वर्षभर के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। समिति के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष राम कुमार कौशल ने कहा कि डोंगेश्वर धाम को पर्यटन स्थल घोषित हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, किंतु अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इस दिशा में ठोस पहल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सेवानिवृत्त शिक्षक सुखराम साहू, राम गुलाल साहू सहित अन्य सदस्यों ने समिति को और अधिक सशक्त बनाने पर सुझाव प्रस्तुत किए। सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारी चुने गए। लगातार तीसरी बार दिनेश चन्द्राकर अध्यक्ष चुने गए। देवेन्द्र कुमार साहू एवं चेतन लाल उपाध्यक्ष, यतीशभूषण श्रीवास्तव सचिव, कृष्णकुमार मरकाम सहसचिव तथा चन्द्रभान साहू कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए। संरक्षक रामकुमार कौशल, पुनीत राम चन्द्राकर एवं रमाकांत चन्द्राकर बनाए गए।

**खबर संक्षेप**



### पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने अपने निवास की छत पर पार्टी का ध्वज फहराया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। आसपास के लोगों में भी देशभक्ति और संगठन के प्रति सम्मान की भावना जागृत हुई। जिलाध्यक्ष बैस ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### जिपं सभापति ने अपने निवास पर ध्वज फहराया



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर अपने निवास पर जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और राष्ट्र प्रथम के संकल्प का प्रतीक है।

### ध्वज राष्ट्र प्रथम के संकल्प का प्रतीक



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर महामंत्री रूपेन्द्र साहू ने अपने निवास एवं भाजपा कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि यह ध्वज करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और राष्ट्र प्रथम के संकल्प का प्रतीक है।






धमतरी : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया।



निगम के विजय मोटवानी ने भाजपा का झंडा लहराया।



भाजपा कार्यकर्ता दयाराम साहू ने पुरानी फोटो शेयर की।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर जिले में ध्वजारोहण, गोष्ठी समेत अनेक आयोजन

# पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर जिलेभर में विविध कार्यक्रम हुए। कहीं ध्वजारोहण और गोष्ठी आयोजित हुई, तो कहीं कार्यकर्ताओं ने अपने घरों में पार्टी ध्वज फहराकर संगठन के प्रति समर्पण जताया। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए राष्ट्र सेवा का संकल्प दोहराया।

### जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण व गोष्ठी

भाजपा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण व गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरानजिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, प्रभारी किरण बघेल, महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशल्या देवांगन, अंगिरा ध्रुव, मीसाबंदी शिरोमणिराव घोरपड़े, प्रदेश सदस्य राजेश शर्मा सहित श्यामा साहू, भोजराज नाग, अमन राव, रितिका यादव, पूर्णिमा बनपेला उपस्थित रहे।

प्रकाश बैस ने भाजपा को राष्ट्र प्रथम की विचारधारा वाला संगठन बताया। किरण बघेल ने सेवा, समर्पण और सुशासन को आधार बताया। रामू रोहरा ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की बात कही, जबकि राजेश शर्मा ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम में प्रकाश गोलछा, प्रकाश शर्मा, विजय ठाकुर, शुभम जायसवाल, सुभाष यादव, अज्जू देशलहरा, सलज अग्रवाल, कोमल सार्वा, जितेश सिन्हा, कृष्णा हिरवानी, मिश्री पटेल, पिंकू जागेंद्र, अमित अग्रवाल, लक्की डागा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश साहू ने किया। आभार प्रदर्शन महेंद्र पंडित द्वारा किया गया। जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में संगठनात्मक एकता और उत्साह देखने को मिला।

### प्रीतेश ने घर पर फहराया ध्वज



प्रदेश सह-कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने अपने निवास पर पूजा-अर्चना कर ध्वज फहराया। उन्होंने भाजपा को राष्ट्र सेवा का माध्यम बताते हुए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही।

### भाजपा राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : रंजना



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने अपने निवास पर ध्वज फहराया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, सेवा और समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

### श्यामाप्रसाद मुखर्जी को किया याद

स्थापना दिवस पर पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इस दौरान उनके विचारों को याद करते हुए राष्ट्र सेवा और संगठन मजबूती का संकल्प लिया गया।

### 25 साल पुराना झंडा बना गौरव का प्रतीक

दयाराम साहू ने 6 अप्रैल 2005 के ग्राम भोथली में रजत जयंती वर्ष की यादें साझा कीं। पंडित रामअवतार मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा के साथ बाइक रैली निकाली थी। जिला अध्यक्ष कमलेश्वर राव ठोकने ने 1980 का ऐतिहासिक झंडा भेंट किया।

### भाजपा त्याग और लोक सेवा का प्रतीक : मोटवानी

निगम लोक निर्माण अध्यक्ष विजय मोटवानी ने भाजपा को राष्ट्र निष्ठा, त्याग और लोक सेवा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व से शुरू यात्रा आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तर पर पहचान बना रही है।

## भाजपा के स्थापना दिवस की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

भाजपा मंडल मेघा के कार्यालय में 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, श्याम साहू ,जनपद अध्यक्ष बीरेंद्र साहू ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर जानकारी दी। इस अवसर पर श्री दिग्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर व पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया।

मौके पर श्याम साहू, कुशालकांत, प्रीत देवांगन, कल्याण सिंह राजपूत, संतोष सोनी, महेन्द्र साहू, फूलसिंह साहू, चन्द्रहास साहू, योगेश्वर साहू, संध्या, मनीषा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भैंसबोड़ में पेंशनरों का सम्मेलन 8 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा का सम्मेलन 8 अप्रैल को 11 बजे से 4 बजे तक भैंसबोड़ (अंवरी) में गंगाप्रसाद साहू के मार्गदर्शन में उनके निज निवास में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में होगा। तहसील इकाई भखारा के नये सदस्यों एवं जन्म दिवस वालों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में गीत, कविता, भाषण का समावेश रहेगा।

## सिर्री मंडल ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस

- मंगल भवन में हुआ आयोजन संगठन की मजबूती और विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

भाजपा सिर्री मंडल ने पार्टी का स्थापना दिवस मंगल भवन में उत्साह से मनाया गया। ध्वजारोहण पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं, हरिशंकर सोनवानी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष कुरूद, कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिपं, डॉ लोकेश साहू सिर्री मंडल अध्यक्ष, गौरव भोंसले महामंत्री ,थानेश्वर तारक महामंत्री, नारायण साहू उपाध्यक्ष ,घनश्याम साहू ,संतोष साहू, कामता साहू तहसील अध्यक्ष, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, अनुराग साहू जनपद सदस्य, त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि थे।



कार्यक्रम में धनेश बंजारे अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष, देवेंद्र साहू किसान मोर्चा के जिला महामंत्री, नीलम ध्रुव महिला मोर्चा सिर्री मंडल अध्यक्ष, गौकरण निर्मलकर युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ,योगेश साहू अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, मंशा चतुर्वेदी अजा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, राकेश साहू जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, डॉ दुलारू राम साहू किसान मोर्चा जिला मंत्री, सुनील गायकवाड़ कोषाध्यक्ष अजा, रमेश भतपहरी महामंत्री अजा, अजीत गिरी गोस्वामी कोषाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ व तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

डॉ लोकेश ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए संगठन के मजबूती के लिए काम करें। हरिशंकर सोनवानी ने अटल बिहारी बाजपेयी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के त्याग, बलिदान पर चर्चा करते हुए बताया कि जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी की स्थापना किस प्रकार हुई।

गौकरण साहू ने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई जिनके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई हुए। मंच संचालन थानेश्वर तारक महामंत्री ने किया। मौके पर सरपंचगण देशांत सिन्हा, राकेश साहू, विजय रात्रे, गुपेंद्र साहू, शिवराम श्रीहोल संकरी, हेमलाल यादव मंत्री, ओमप्रकाश साहू, गंगा प्रसाद मिश्रा, सहकारी समिति के अध्यक्षगण जीवन साहू, कामता साहू, हेमंत साहू, रामखिलावन साहू व बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

## मेघा मंडल के बूथ में मना भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

नवीन नगरपंचायत करेली बड़ी के बूथ क्रमांक 239 में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। मेघा मंडल के पूर्व अध्यक्ष होरीलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को तत्कालीन प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में दिल्ली के कोटला मैदान में की गई । उस समय एक छोटा पौधा का बीज रोपण किया गया और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन गई है। भाजपा के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट संकल्प के साथ यह पार्टी निरंतर देश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है। हम सभी मिलकर राष्ट्रहित और विकास के इस पथ पर एकजुट होकर आगे बढ़ें और भारत को और भी सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें।



इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष दानेश्वर सिन्हा, सुखीराम, गौतम साहू महामंत्री, प्रदीप सिन्हा, भुनु निषाद , मुकेश सिन्हा, चोवाराम निषाद, गोविंद साहू, कुलेश्वर निषाद, लोकेश साहू, दुष्यंत साहू, डालचंद, दुलरवा साहू समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने भरी हुंकार

- दिल्ली से लौटने पर संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

टेट की अनिवार्यता के खिलाफ 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के शिक्षकों की आवाज बुलंद कर लौटे संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष एवं टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केदार जैन का जिले में स्वागत किया गया।



रत्नाबांधा चौक में जिला इकाई धमतरी के पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और फूल-मालाओं के साथ जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमित महोबे, जिला कोषाध्यक्ष डेवेश साहू, आलोक मत्स्य पाल, नोमेश साहू, रमेश देवांगन, प्रदीप सिन्हा, महानंद देवांगन, परमेश्वर साहू, थामस साहू, ज्ञानेंद्र गुप्ता, हितेश साहू, शिखा श्रीवास्तव, पूजा शर्मा और मेहमूदा खान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

ज्ञात हो कि 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सभी शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। इस निर्णय के तहत आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को भी दो वर्षों के भीतर टेट पास करना होगा।

देशभर के लगभग 25 लाख शिक्षक इस फैसले से प्रभावित हो सकते हैं। इसी के विरोध में देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षक दिल्ली पहुंचे थे। कार्यक्रम में भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने भी शिक्षकों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## युवा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : नरसिंह

- भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं में दिखी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। मंडल स्तर पर आयोजित इस समारोह में ध्वजारोहण कर पार्टी की विचारधारा, उपलब्धियों और गौरवशाली इतिहास को याद किया ।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन की सुदृढ़ संरचना के बल पर आज भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और आम जनता का विश्वास भाजपा पर लगातार बढ़ रहा है।स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, समाज सेवा की भावना को सशक्त करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेने का महत्वपूर्ण दिन है। प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य युवा मोर्चा नरसिंह मरकाम ने कहा कि भाजपा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का सशक्त मंच प्रदान करती है। युवा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उनकी ऊर्जा व उत्साह से पार्टी निरंतर सशक्त होती जा रही है। इस दौरान सभापति प्रेमलता नागवंशी, जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, पार्षद राजा पवार, चित्रांश नागवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**भाजपा कार्यालय भखारा में मनाया गया पार्टी का 47वां स्थापना दिवस**

# राजनीति सत्ता का साधन नहीं, जनसेवा का माध्यम है : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर सोमवार को भखारा स्थित भाजपा कार्यालय में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक द्वारा ध्वजारोहण और भारतमाता सहित महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

कार्यकर्ताओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का एक व्यापक विचार और संस्कार है। उन्होंने पार्टी की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1980 में अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा के उद्घोष के साथ शुरू हुई यह यात्रा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। विधायक ने आगे कहा कि राजनीति हमारे लिए सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि जनसेवा का एक पवित्र माध्यम है। भाजपा का मूल उद्देश्य सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा पहुंचाना है।




संगठन की शक्ति है कार्यकर्ताः किरण

भाजपा जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिन्हा, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, रामस्वरूप साहू, आनंद यदु, छत्रपाल बैस, भीम साहू, सतीश जैन, गौतम जैन, सिंधु बैस, दुलार सिन्हा, पुष्पलता देवांगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरख जैन द्वारा किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से बुजुर्ग की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत इरिकबुट्टा निवासी 64 वर्षीय विशरू राम दुग्गा पिता सुकदु दुग्गा को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक को 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे सांप ने काट लिया, जिससे के कारण उसका मौत हुआ। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सराधुनवागांव निवासी 40 वर्षीय विजय सेवता पिता आशाराम सेवता का गिरने से आई चोट के कारण मौत हो गया। डीकेएस अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक फिसलकर गिर गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां 13 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर की शराबखोरी, एक गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना चारामा पुलिस 5 अप्रैल की रात पुलिस टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कण्डेल पुल के पास कुछ लोग सार्वजनिक सड़क किनारे बैठकर शराब पी रहे हैं और शोर-शराबा कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी किया, जिसे देखकर कुछ लोग फरार हो गए। एक व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बालोद जिला के पुरूर थानांतर्गत मरकाटोला निवासी 35 वर्षीय पिरोहित उईके के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 36 (च)(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ।

### निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें, कलेक्टर की हिदायत

**कांकेर।** जिले में संचालित निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। समय-सीमा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। पिछले वर्ष प्राप्त लक्ष्य को आधार मानकर कार्ययोजना बनाने कहा गया। पुल-पुलिया, आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, मोबाईल टॉवर की स्थापना इत्यादि की प्रगति की समीक्षा भी उनके द्वारा की गई। जिला अस्पताल में नवनिर्मित भवन व ट्रामा सेंटर के लिए ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए गए। पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा भी की गई तथा सभी प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित राजस्व शिविरों में जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए भी कहा गया। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे एवं एएस पैकरा, सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद सीईओ व नगरीय निकायां के अधिकारी उपस्थित रहे।

बीज के साथ मिला विश्वास : दलहन मिशन से किसानों को नई दिशा

# अब दलहन में आत्मनिर्भर बनेगा धमतरी, लोहरसी से मजबूत शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



दलहन आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत दलहन आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत जिले के ग्राम लोहरसी में किसानों को उड़द बीज का वितरण एवं तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। धमतरी में किसान धान के बदले रबी में फ़सलचक्र परिवर्तन अंतर्गत दलहन -तिलहन की फसल अपना रहे हैं। इसके अलावा मखाना और औषधि की खेती की और झुकाव होने लगा है। वे मखाना और औषधि की खेती भी कर रहे हैं। इसके लिए कृषि विभाग के साथ जिला प्रशासन ने किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ।

दालें सिर्फ एक कृषि उत्पाद नहीं हैं, यह भारत की पोषण सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य और ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दुनिया में दालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक के रूप में, भारत की नीतियां लगातार इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने पर केंद्रित रही हैं। बढ़ती आय और संतुलित पोषण के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ, दालों की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अवसर पैदा हो रहे हैं। राष्ट्रीय पोषण संस्थान के अनुसार भारतीय आहार में कुल प्रोटीन की मात्रा में इनका योगदान लगभग 20-25 प्रतिशत है। हालांकि, प्रति व्यक्ति दालों की खपत अनुशंसित 85 ग्राम प्रतिदिन से कम है, जिसके कारण देश भर में प्रोटीन-ऊर्जा कुपोषण की समस्या बढ़ रही है। इसलिए घरेलू उत्पादन बढ़ाना न केवल आर्थिक आवश्यकता है, बल्कि जन स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। 11 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में एक विशेष कृषि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11,440 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ दलहन आत्मनिर्भरता मिशन (दलहन आत्मनिर्भरता मिशन) का शुभारंभ किया था। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने दलहन की खेती में लगे किसानों से बातचीत भी थी और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में मूल्य श्रृंखला आधारित विकास को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला था।

# 55 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे



■ गंगरेल में 14-15 अप्रैल को होगा गोंड समाज का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज जिला धमतरी के तत्वावधान में आदिशक्ति मां अंगारमोती धाम परिसर गंगरेल में 14 एवं 15 अप्रैल को जिलास्तरीय गोंड समाज का सामूहिक विवाह एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए लगभग 55 जोड़ों का पंजीयन किया गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि 14 अप्रैल को मंडपाच्छादन, चुलमाटी, तेल मायन और हल्दी लेपन की रस्में संपन्न होंगी। 15 अप्रैल को बारात आगमन, स्वागत, लगन, भांवर, टीकावन एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं। विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां भी तय कर दी गई हैं।

**मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण**

15 अप्रैल को गंगरेल में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को निमंत्रण दिया गया है। महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया, जिस पर उन्होंने गंगरेल आने का आश्वासन दिया। इस दौरान समाज के संरक्षक जीवराखन मरई, जयपाल ठाकुर, देवनाथ नेताम, कृष्णा नेताम, महेश रावटे, शिव नेताम, कांशीराम छेदैया, नरसिंग मंडावी, रमी गौतम, भूमिका कोर्राम, पूजा कुंजाम, प्रदीप तुमरेटी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# विप्र विद्वत परिषद भवन के ऊपर से हाईटेंशन तार हटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महापौर रामू रोहरा के प्रयास से विप्र विद्वत परिषद भवन के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन विद्युत तार को हटाया गया। यह कार्य न केवल सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक था, बल्कि परिषद की लंबे समय से चली आ रही मांग भी थी। इस पहल के साथ महापौर ने अपनी चुनावी घोषणा को पूरा करते हुए जो वादा किया, वो निभाया की प्रतिबद्धता को भी सार्थक किया।

इसी क्रम में विप्र विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने विभिन्न सामाजिक एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर महापौर से मुलाकात की जिस पर महापौर ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के सहयोग से ही शहर का समग्र और संतुलित विकास संभव है। मौके पर महेंद्र पंडित भाजपा जिला महामंत्री, संतोष तिवारी, होमन प्रसाद तिवारी, महेश तिवारी, अशोक पाण्डेय, सूरज तिवारी, खेमराज तिवारी, दीनानाथ पाण्डेय, चिंतामणि त्रिपाठी, राजकुमार तिवारी, श्रीकांत तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान से राहगीरों व वाहन चालकों को हो रही परेशानी

# शहर के चौक-चौराहों पर अस्थायी शेड लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही तेज गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल के दौरान कुछ मिनट तक खड़े रहने वाले लोग झुलसती धूप में राहत के लिए तरस रहे हैं।

शहर के व्यस्ततम स्थानों बैठना चौक, सिहावा चौक, घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक और अंबेडकर चौक में दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल यात्री भी सिग्नल ग्रीन होने का इंतजार करते हुए सीधे धूप के संपर्क में आते हैं। इस दौरान उन्हें तेज गर्मी और लू जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है, जिससे असहजता के साथ स्वास्थ्य पर भी असर पड़ने की आशंका रहती है।

स्थानीय नागरिक फुलेश्वर साहू, दिलीप वाकड़े, भूषण यादव और हरि निषाद सहित अन्य लोगों का कहना है कि शहर में व्यापारिक और दैनिक कार्यों के चलते उन्हें दिनभर कई बार ट्रैफिक सिग्नल पर रुकना पड़ता है। ऐसे में यदि चौक-चौराहों पर अस्थायी शेड की व्यवस्था हो, तो लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

नागरिकों ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ समाजसेवी संगठनों द्वारा सीमित स्थानों पर अस्थायी शेड लगाए गए थे, जिससे लोगों को काफी सुविधा मिली थी। इस वर्ष भी तापमान में तेजी से बढ़ोतरी को देखते हुए नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से प्रमुख चौक-चौराहों पर जल्द से जल्द अस्थायी शेड लगाने की मांग की है, ताकि आमजन को झुलसाती गर्मी से राहत मिल सके।

# अवैध शराब बेचने वाले पर कार्रवाई की मांग



**धमतरी।** समझाइश के बाद भी अवैध शराब बेचने वाला सुधरा नहीं। नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय में प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

ग्राम पंचायत रावनगुड़ा में रविवार को एक जनरल बैठक हुई। ग्रामीणों ने बताया कि इस बैठक में अवैध शराब बेचने वाले को बुलाया गया था। उसे समझाइश देकर छोड़ दिया गया। इसके बाद भी वह शराब बिक्री से बाज नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है। सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कलेक्टर से अवैध शराब बेचने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि गांव में अवैध शराब बंद नहीं की जाती है तो सभी ग्रामीण कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

# यादव समाज संस्कृति और परंपरा के लिए जाना जाता है : कविता



■ जुनवानी में आयोजित यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुई जिपं सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छ ग कोसरिया यादव समाज बिरेतरा पाली क्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन ग्राम जुनवानी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर थीं। अध्यक्षता गंगूराम यादव पाली अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच ज्ञानीराम साहू थे। समाजजनों ने भव्य कलशयात्रा निकाली।

सभा को सम्बोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि यादव समाज का एक अपना अलग इतिहास रहा है। भगवान श्री कृष्ण का वंशज है। अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। यह समाज आज उन्नति का नया आयाम स्थापित कर रहा है।

श्रीमती बाबर ने आगे कहा कि कोई समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब शिक्षा को ग्रहण कर बुराई का त्याग करे। मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, श्रीमती देवराज यादव, उपसरपंच रामसिंग यादव, गुहन यादव, राजेंद्र साहू, बीरबल यादव, कोमल यादव समेत परिक्षेत्र के 8 गांव से आए समाजजन उपस्थित थे।

# निष्क्रिय बैंक खातों को पांच दिन में सक्रिय करने के निर्देश



■ कलेक्टर के निर्देश पर डीफ एवं इन ऑपरेटिव खातों को सक्रिय करने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में डीफ एवं इनऑपरेटिव बैंक खातों को सक्रिय करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त सूची में जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के बैंक खाते शामिल हैं जिन्हें शीघ्र सक्रिय करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

जिला पंचायत कार्यालय में जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित खातों को पांच दिनों के भीतर सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। इस प्रक्रिया के दौरान विशेष रुप से एक्सिस बैंक के खातों में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु बैंक के ब्रांच मैनेजर की उपस्थिति भी सुनिश्चित कराई गई। ब्रांच मैनेजर ने खातों से जुड़ी तकनीकी एवं अन्य समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में जिला पंचायत के लेखा अधिकारी चंदन टंडन द्वारा खातों को सक्रिय करने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर, जनपद पंचायत के प्रतिनिधि तथा ग्राम पंचायतों के सचिव भी उपस्थित थे।

# स्टेशनपारा वार्डवासियों के लिए बनेगी वैकल्पिक सड़क

■ तीन माह के भीतर महापौर ने स्थायी सड़क बनवाने का भरोसा दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्टेशनपारा में रेलवे पटरी बिछने के बाद स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर रामू रोहरा ने वार्डवासियों को बड़ी राहत देते हुए वैकल्पिक सड़क निर्माण का भरोसा दिलाया है। महापौर रामू रोहरा स्वयं स्टेशनपारा पहुंचे और वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेहताब सिंह गैरेज के सामने तक वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए, ताकि लोगों की आवाजाही सुगम हो सके। महापौर ने आश्वस्त किया कि आगामी तीन माह के भीतर स्थायी सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इधर रेलवे स्टेशन के सामने सड़क किनारे वर्षों से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है। रेलवे प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। कई दुकानदार अपना सामान अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने की तैयारी में जुटे हैं।



# उपविजेता टीम धीवर समाज का सम्मान

**धमतरी।** हिंदू प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट प्रतियोगिता में धीवर समाज के क्रिकेट टीम ने अपने सभी लीग मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया एवं फाइनल मैच में उपविजेता रहे। मिशन ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में धीवर समाज की क्रिकेट टीम उपविजेता रही। सभी खिलाड़ियों को समाज द्वारा गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। धीवर समाज क्रिकेट टीम के कप्तान कोमल सार्वा, मेंटोर पुष्पेंद्र हिरवानी थे। सम्मान समारोह के अवसर पर धीवर समाज के संरक्षक होरी लाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा तथा सचिव सोहन धीवर ने कहा कि क्रिकेट हमारे देश का सबसे लोकप्रिय खेल है। इस खेल में युवाओं एवं महिलाओं दोनों की टीम खेलती है। मौके पर श्रीमती संध्या हिरवानी प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, आशा धीवर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, शीला धीवर, सोनू नाग, राजू ओझा, निर्मल फूटान, फिरोज हिरवानी अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, प्रकाश नाग, करण हिरवानी, नरेश हिरवानी, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।






# रायपुर में छग टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय महासभा, पेंशन व सेवा गणना पर उठी मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा रायपुर में प्रांतीय महासभा का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई धमतरी के जिला अध्यक्ष डॉ भूषणलाल चन्द्राकर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा थे। अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। इस महासभा में प्रदेश भर से आए पदाधिकारी और शिक्षकों ने प्रथम नियुक्ति से पेंशन सहित अन्य मांग की। मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा ने आश्वस्त किया कि पेंशन संबंधी इन मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि को मांग पत्र को सौंपते हुए सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को जीरो पेंशन व्यवस्था की साझा की।

डॉ भूषणलाल चन्द्राकर ने बताया कि वर्तमान में पेंशन की सेवा अवधि की गणना संविलियन तिथि (1 जुलाई 2018 ) से की जा रही है ,जिससे 2028 से पहले सेवानिवृत होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षक पुरानी पेंशन से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने पुरानी पेंशन के लिए पूर्व सेवा प्रथम नियुक्ति) की गणना करने की मांग की। बैठक में क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान और विभागीय टेट परीक्षा आयोजित करने की मांगों पर भी चर्चा की गई।

महासभा में छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकार, प्रान्तीय उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, बी यदु जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार साहू, गणेश प्रसाद साहू, एनआर बघेल, जिला महासचिव डॉ. आशीष नायक, राहुल नेताम, कैलाश सोन, ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम, शेषनारायण साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

